

### एक नजर में



**पीजी कॉलेज में युवा कौशल कार्यक्रम आयोजित**

**सिलवानी 15 जुलाई.** मंगलवार को नगर के शासकीय पीजी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया. यहां पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहें. स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य मनोहर लाल कोरी, प्रकोष्ठ प्रभारी राधवेंद्र राजपूत के निर्देशन में विश्व युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. प्रारंभ में विद्या की देवी मॉं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जोलित किया गया. यहां पर डॉक्टर लक्ष्मीकांत नेमा ने युवा कौशल क्यो व किस लिए आवश्यक है इस पर अपनी बात विस्तार से व्यक्त की. कार्यक्रम को डॉक्टर प्रतिभा डेहरिया, डॉक्टर अभिलाषा ठाकुर ने भी संबोधित कर विद्यार्थियों को मार्गदर्शित किया. संचालन डॉक्टर रामानुज रघुवंशी ने किया.

**पुराने पेड़ों का मनाया गया जन्मदिन**

**भोपाल, 15 जुलाई.** शहर के चित्तौड़ काम्पलेक्स में मंगलवार को पौधारोपण और पौधा वितरण किया गया. इसके साथ ही यहां पुराने लगाए गए वृक्षों का जन्मदिन मनाया गया. सावन महीने के अवसर पर 125 बिल्व के पौधे वितरित किए गये. लायंस क्लब भोपाल संस्कार द्वारा पेड़ों को जन्मदिन के लिए सजाया गया है. इन पेड़ों को शुभकामनाओं देते हुए इनके स्वस्थ एवं चिरायु होने की कामना की गई. वृक्षों के संरक्षण के लिए उनको कलावा बांध कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया जाता है. इस अवसर पर नगर निगम जोन अध्यक्ष सूर्यकांत गुप्ता, श्याम सुंदर शर्मा, प्रमुख पुरातत्व विद् नारायण व्यास, बृजेंद्र तिवारी, लायन निमिषा कुलश्रेष्ठ सहित लगभग 100 व्यक्ति उपस्थित रहे.

# रिकॉर्ड में बरगद पेड़ के नीचे बना दिया खेल मैदान

## खेल मैदान और पौधारोपण के नाम पर 5 .80 लाख का घोटाला, कार्रवाई नहीं होने पर होगा आंदोलन





**बिना कार्य किए पंचायत के खाते से निकल गए लाखों रुपए**

**ग्रामीणों का आरोप- सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक की मिलीभगत**

नवभारत न्यूज

सांई खेड़ा, 15 जुलाई. जनपद पंचायत सिलवानी के अंतर्गत आने वाली ग्राम **पंचायत पड़रिया खुर्द में विकास कार्यों को लेकर बड़ा घोटाला उजागर हुआ है. ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक पर मिलीभगत से बिना किसी कार्य के ही लाखों रुपये निकालने का गंभीर आरोप लगाया है. वर्ष 2021-22 में पंचायत रिकॉर्ड में खेल मैदान निर्माण और पौधारोपण कार्य दर्शाकर करीब 5 लाख 80 हजार रुपये की राशि आहरित कर ली गई, जबकि मौके पर कोई कार्य नजर नहीं आ रहा है.**

ग्रामीणों के अनुसार पंचायत रिकॉर्ड में बरगद के पेड़ के नीचे खेल मैदान निर्माण दर्शाया गया है, जिसकी लागत 1.35 लाख रुपये बताई गई है. लेकिन मौके पर न तो कोई खेल मैदान है और न ही नया निर्माण. केवल एक पुराना चबूतरा मौजूद है और थोड़ी बहुत जो बजरी दिख रही है, वह भी ग्रामीणों और दुकानदारों की मदद से लाई गई थी.इसी प्रकार पंचायत भवन और स्कूल परिसर में पौधारोपण के नाम पर 4.45 लाख रुपये खर्च दिखाए गए हैं. लेकिन पंचायत भवन के पास पहले से सीसी रोड बनी हुई है और स्कूल परिसर में कहीं भी पौधे नहीं लगाए गए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी इस फर्जीवाड़े की शिकायत कलेक्टर और जनपद अधिकारियों से की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.

**मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए**

ग्रामीणों की मांग है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए. साथ ही, आहरित राशि को वापस पंचायत खाते में जमा कराया जाए. ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव में पहले से ही खेल मैदान की भारी कमी है, जिससे युवाओं को अभ्यास और खेल गतिविधियों के लिए अन्य गांवों का रुख करना पड़ता है. अब जब यह वित्तीय फर्जीवाड़ा सामने आया है, तो ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. जनपद सीईओ नीलम रैकवार ने बताया कि मामले को संज्ञान में लिया गया है. जल्द ही जांच दल गठित कर पड़रिया खुर्द पंचायत की जांच शुरू की जाएगी.

**नशामुक्ति पखवाड़ा शुरू**

# पुलिस ने चलाया नशामुक्ति अभियान निकली जागरुकता रैली

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 15 जुलाई. मध्य प्रदेश पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार स्थानीय पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान पखवाड़े का आयोजन आज से 25 जुलाई से प्रारंभ किया गया, जोकि 30 जुलाई तक चलाया जाएगा.**

प्रथम दिन नगर एवं ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों, एनसीसी, स्काउट गाइड एवं विद्यार्थियों के माध्यम से एक जन जागरण रैली आयोजित की गई. जिसके समापन पर नशीले पदार्थों के खिलाफ दौड़ के बाद थानाप्रभारी राजीव उइके द्वारा नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई. थाना प्रभारी राजीव उइके के द्वारा मीडियाकर्मियों की विशेष बैठक में नशामुक्ति अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतिदिन होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार में सहयोग करने की अपील की गई.




उन्होंने 15 दिन के दिन डेबाइज कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत 15 दिन तक विशेष कार्यक्रम संचालित किए जाकर नशामुक्ति के खिलाफ जनजागरण किया जाएगा और विभिन्न प्रकार का नशा करने वालों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा. विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनजागृति लाई जाएगी. नशामुक्ति अभियान के प्रथम दिन आज नगर एवं ग्राम सुरक्षा समिति सदस्यों, एनसीसी, स्काउट गाइड एवं स्कूली विद्यार्थियों की जागरूकता रैली सीएम राइज के सामने से निकली गई. नशे से हो रहे बर्बाद हो रहे जीवन एवं परिवार को बचाने जैसे स्लोगन लेकर मुख्य मार्ग से होते हुए पुन- वापस सीएम राइज स्कूल पहुंची. जहां पर नशा मुक्ति जागरूकता रैली का समापन किया गया.



# हरदा घटना पर जताया विरोध, कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**सिलवानी 15 जुलाई. मप्र के हरदा जिला मुख्यालय पर बीते दिनो पुलिस के द्वारा छात्रावास में घुस कर छात्रो के साथ बेरहमी से मारपीट की गई.**

इस घटना के विरोघ में करणी सेना ने राज्यपाल के नाम मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा तथा कार्रवाही की मांग की. करणी सेना के जिलाध्यक्ष अंकुश रघुवंशी तथा ब्लाक अध्यक्ष राजा रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया. जिसमें उल्लेख किया गया है कि पुलिस कर्मियों के द्वारा बर्बरता पूर्वक छात्रों के साथ मारपीट की. करणी सेना पुलिस के इस कृत्य की कटु निंदा करती है तथा मारपीट की घटना में लिप्त पुलिस जवानो पर कार्रवाही की जावे अन्यथा जिले भर में आंदोलन किया जाएगा.


इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें.

# दो बच्चों सहित दो दिन से लापता महिला

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 15 जुलाई.** तहसील के ग्राम मरखेड़ा गुलाब निवासी सतीश कुमार गौर 35 वर्ष पिता दयाल चंद गौर की 30 वर्षीय पत्नी शिवानी गौर अपने दो पुत्रों कृष्णा कुमार गौर तीन वर्ष तो दूसरा आरव कुमार गौर 3 माह को लेकर 13 जुलाई को ससुराल से अपने मायके परासरी त्योंदा सरहदी (थाना राहतगढ़ जिला सागर) जाने के लिए निकली थी और पति सतीश कुमार भोपाल में काम पर था. रविवार की शाम को करीब 6 से 7 बजे के बीच बावना नदी में पानी के तेज बहाव में दोनों बच्चों सहित या तो वह बह गई या फिर स्वयं ने नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली. राहतगढ़ एसडीओपी योगेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस दोनों पहलू पर जांच कर रही है क्योंकि मृतका का बैग, चप्पल एवं अन्य सामान बावना नदी के पुल के किनारे पड़ा हुआ

**दोनों बच्चे के शव नदी में मिले**



मिला है. एसडीआरएफ टीम के द्वारा महिला का शव सोमवार की शाम को ओर एक बच्चे का शव आज मंगलवार को दोपहर में नदी से खोज लिया था जबकि दूसरे बच्चे की तलाश जारी थी जिसका शव थोड़ी दूर पर आज शाम करीब 6 बजे मिल गया है. पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए हैं.

राहतगढ़ ब्लाक के ग्राम परासरी त्योंदा निवासी शिवानी कुर्मी की शादी मडखेड़ा गुलाब तहसील बेगमगंज नवासी सतीश कुमार कुर्मी के साथ हुई थी जो बीते करीब 10 साल से भोपाल में रह रहे थे.

> मृतका के पति सतीश कुमार गौर ने बताया कि रविवार को वह काम पर गया था. जहां से वापस लौटा तो घर पर पत्नी और बच्चे नहीं थे. जिसके बाद परिजनों के साथ पत्नी और दोनों बच्चों को यहां वहां तलाश किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला. सोमवार को उसके साले व पत्नी के भाई छोटू कुर्मी ने बताया कि मुरली बासौदा में बटयावदा के आगे बावना नदी के पुल के नीचे पानी में शिवानी का शव मिला है. तब वह परिजनों के साथ भोपाल से बावना नदी पहुंचे. ग्रामीणों, पुलिस एवं एसडीआरएफ के गोताखोरों की मदद से शिवानी कुर्मी का शव सोमवार को पानी से बाहर निकाल लिया.

# श्रीमद् भागवत कथा देश के शहीदों के नाम

शहीद पति समेत देश के सभी अमर शहीदों की शहादत पर श्रीमद्भागवत कथा

**बेगमगंज, 15 जुलाई. तहसील के ग्राम सुनेटी में एक वीरबधू के द्वारा अपने शहीद पति सहित देश के सभी शहीद सपूतों की स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा एवं भंडारे का आयोजन आज 15 जुलाई से प्रारंभ किया गया है. जिसकी सभी प्रशंसा कर रहे हैं. बेगमगंज के इतिहास में पहली बार किसी वीर बधू को अपने पति की शहादत सहित देश के अन्य वीर सपूतों की शहादत पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करते देखा जा रहा है.**

शहीद रामस्वरूप शर्मा 5 वीं बटालियन जे एंड के राइफल्स ईएमई में पदस्थ थे और 22 जुलाई 1997 को नागालैंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों से मुड़भेड़ में उनका बलिदान हो गया था. वीरगति के बाद उन्हें विभिन्न



सम्मान से सम्मानित किया गया था. कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड कर्नल खत्री, विशेष अतिथि कैप्टन राय व वीर नारी सविता देवी शर्मा एवं अतिथियों में सूबेदार सहित रिटायर्ड ईएमई सैनिक मौजूद रहे. श्रीमद्भागवत कथा ग्राम सुनेटी में वीर सपूत शहीद रामस्वरूप शर्मा की प्रतिमा के अनावरण के साथ आज से मंगल कलश यात्रा के बाद प्रसिद्ध कथावाचक पंडित देवकीनंदन शास्त्री के मुखारबिंद से प्रारंभ हो गई है.

# अहंकारी जीव का कल्याण तीन काल में भी संभव नहीं : मुनि सागर

## चातुर्मास के द्वितीय दिवस मुनि निवृत्त सागर ने व्यक्त किए विचार

नव भारत न्यूज

**सिलवानी, 15 जुलाई. जीव को कभी भी पर द्रव्यों की ओर अग्रसर नही होना चाहिए. अपनी आत्मा की तरफ ध्यान देना चाहिए. लेकिन देखा जाता है कि व्यक्ति पर द्रव्यो की तरफ अग्रसर होता हैं आवश्यकता इस बात की है कि जीव पर द्रव्यो से मोह हटा कर निज आत्मा में ध्यान केंद्रित करे तभी कल्याण संभव है.**

यह उद्गार मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने व्यक्त किए. वह पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार को समाजजनो को संबोधित कर रहे थें. प्रारंभ में समाजजनो के द्वारा मंगला चरण किया गया. मुनिश्री ने कहा कि अहंकारी जीव का कभी भी कल्याण नही हो सकता है. वर्तमान में महावीर का शासन काल चल रहा है. दूसरो को सुधारने की बजाए अपने अंदर झांको-अपनी कमियों को दूर करो. अपनी कर्मियों को दूर कर लिया यही उत्कृष्ट कार्य होगा.

उन्होंने बताया कि मनुष्य के अंदर श्रेष्ठ गुण है तो वह है विनय गुण. विनय गुण से युक्त व्यक्ति संवेदनशील होने के साथ ही सबसे सम्मान पाता है. जीव अपनी मर्यादाओं में ही जीता हैं. उसका कभी भी तिरष्कार नही करना चाहिए. उन्होने कहा कि हिंसा, झूठ, चोरी जैसे अनेक पाप करने वाला व्यक्ति कभी भी मोझ नही जा सकता है. मोझ जाने के लिए संयम का मार्ग अपनाना आवश्यक है.

**सम्यक दर्शन इस लोक में सबसे महान:** चातुर्मास कलश स्थापना के द्वितीय दिवस मंगलवार को मुनि निवृत्त सागर महाराज ने कहा कि सम्यक दर्शन इस लोक में सबसे महान है. सर्व श्रेष्ठ मनुष्य के अंदर कोई गुण है तो वह विनय गुण है. विनय गुण वाला जीव कभी भी हेय नही होता है. उन्होने बताया कि विशुद्व भवो से जो श्रावक भगवान का अभिषेक, पूजन, शांति धारा आदि अनुष्ठान करता है वह भगवत्ता को प्राप्त करता है. उन्होंने कहा कि सभी निग्रंथ मुनिराजो में रत्नत्रय होता है.




**मौन साधना करना बहुत सारे ग्रंथों का सार**

मुनि साक्ष्य सागर ने कहा कि मौन साधना में ही हम बारह भावनाओं का चिंतन करके अपने कर्मों को नष्ट कर सकते हैं. लेकिन मनुष्य जीवन और जैन आगम मिलने का सौभाग्य अनंत पुण्य का फल है. उन्होंने कहा कि इस जीवन को व्यर्थ न जाने दें बल्कि गुरु, शास्त्र और देव की भक्ति से मोक्ष मार्ग को अपनाएं. जीवन के तीनों अवस्थाएं बाल्यावस्था- यौवन और बुढ़ापा क्षण भंगुर हैं. इस संसार में कोई भी वस्तु स्थायी नहीं है. यही अस्थिरता हमें वैराग्य की ओर प्रेरित करती है.

# अधिकारी ध्यान दें, गड्ढों में जमा नहीं हो पाए पानी

**डेंगू, मलेरिया की रोकथाम के लिए उठाएं जरूरी कदम**

**महापौर ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 15 जुलाई. महापौर मालती राय ने निर्देशित किया है कि डेंगू, मलेरिया एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें और बीमारियों से बचाव के लिए नागरिकों में जन जागरूकता उत्पन्न करने के लिए व्यापक कार्यवाही भी की जाए.**

महापौर राय ने यह निर्देश निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की आहूत बैठक में दिए. बैठक में अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, महापौर परिषद के सदस्य आरके सिंह बघेल, सहायक आयुक्त कीर्ति चैहान के अलावा प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी व सहायक स्वास्थ्य अधिकारीगण सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.

महापौर मालती राय ने मंगलवार को आईएसबीटी स्थित महापौर कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक आहूत की. महापौर राय ने मलेरिया विभाग एवं नगर निगम के समन्वय से किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु में डेंगू, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए प्रभावी कार्यवाही करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से कराने के निर्देश दिए.

**जन जागरुकता अभियान**

**टीआई बोले-नशे से दूरी है जरुरी, विद्यार्थियों ने निकाली नगर में रैली**

# 30 जुलाई तक चलेगा नशे के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 15 जुलाई. पुलिस के द्वारा नशे के विरुद्व जन जागरुकता अभियान का आरंभ मंगलवार से किया गया. जिसका समापन 30 जुलाई को किया जाएगा. इस दौरान जन जागरुकता के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे. अभियान के प्रथम दिन मंगलवार को सिलवानी पुलिस टीआई पूनम सविता शिक्षण संस्थाओं में पहुंची तथा विद्यार्थियों से संवाद करते हुए नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया.**

जन जागरुकता अभियान के तहत नगर के सांदीपनि विद्यालय के छात्र छात्राओं ने नगर में रैली भी निकाली,



हाथों में नशे के विरुद्व स्लोगन लिखी तख्तियां रखे, नारे लगाते हुए विद्यार्थी

नागरिको को जागरुक कर रहे थे. रैली में सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक, नगर रक्षा समिति के सदस्य, थाना प्रभारी पूनम सविता, पुलिस जवान आदि के द्वारा सहभागिता की गई. टीआई पूनम सविता ने बताया कि नशे के विरुद्व अभियान में सामाजिक संस्थाओं, समाजसेवियों आदि की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जन जागरुकता अभियान जन जन की आवाज बन सके.

**किशोरों और युवाओं को नशे के बताना है दुष्प्रभाव**

ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्रेरणा से प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस ने एक वृहद जन जागरूकता अभियान नशे से दूरी-है जरूरी. की शुरुआत की है. यह अभियान 15 से प्रारंभ किया गया है, जो 30 जुलाई तक पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में यह अभियान पुलिस मुख्यालय की नारकोटिक्स विंग द्वारा चलाया जा रहा है. इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है.

> इस जन जागरूकता अभियान में विभिन्न शासकीय विभाग, एनजीओ, धर्माचार्य, समाजसेवी, सामाजिक संस्थाए आदि मुख्य रूप से भाग लेंगी. समाज के सभी वर्गों के सहयोग से समाज के हर वर्ग तक संदेश पहुंचाया जाएगा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं पूरे समाज को प्रभावित करता है इससे दूरी रखना नितांत आवश्यक है. यह अभियान स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों और डिजिटल माध्यमों के ज़रिए जन जागृति फैलाने का कार्य करेगा.

### मानस भवन में श्रीरामकथा 26 जुलाई से

**भोपाल.** तुलसी मानस प्रतिष्ठान मानस भवन में श्रीरामकथा का आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक युगतुलसी पद्मभूषण पं. रामकिंकर उपाध्याय की परमशिष्या मानस पुत्री दीदी मंदाकिनी श्रीरामकिंकर के मुखारविंद से आयोजित की जा रही है. यह पांच दिवसीय आयोजन प्रतिदिन संध्या 6.30 बजे से किया जाएगा. 26 जुलाई को समारोह के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, 27 जुलाई को मुख्य अतिथि निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, 28 जुलाई को महापौर मालती राय, 29 जुलाई को साहित्य अकादमी के निदेशक विकास दवे, 30 जुलाई को समापन दिवस पर मप्र के पूर्व गृह सचिव ओपी श्रीवास्तव होंगे.